तापमान
अधिकतम 24.0 डिग्री
न्यूनतम 12.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि

रायपुर, शनिवार 20 दिसंबर 2025

12 सत्संग से मनुष्य के भीतर सुप्त पड़े सात्विक ...



12 भक्ति ही वह शक्ति है जो मनुष्य को अंधकार ...





## खबर संक्षेप

### राजमिस्त्री कल्याण संघ का चुनाव आज

**लवन।** केन्द्र लवन-अहिल्दा क्षेत्र के राजमिस्त्री कल्याण संघ का चुनाव छत्तीसगढ़ सोसायटी अधिनियम 1973 की धारा 27 के कंडिका 7 के आधार पर संघ के पदाधिकारियों का चुनाव आज 20 दिसम्बर को सुबह 10 बजे भगवान विश्वकर्मा भवन में पदाधिकारियों का चुनाव किया जायेगा। मिस्त्री संघ प्रभारी सचिव पोश कुमार साहू ने कहा कि अध्यक्ष, कोषाध्यक्ष, सचिव का चुनाव होना है। समस्त ठेकेदार राज मिस्त्री को अपना आईडी एवं आधार लेकर उपस्थिति होंगे। राजमिस्त्री संघ लवन का निर्वाचन में राज मिस्त्री संघ कसडोल केन्द्र के पदाधिकारी निर्वाचन पदाधिकारी के रूप में रह कर चुनाव सम्पन्न होगा।

### ब्लॉक स्तरीय निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य शिविर आज

**बलौदाबाजार।** विकासखंड स्तरीय द्वितीय चरण एक दिवसीय निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य मेला का आयोजन 20 दिसंबर को विकासखंड के आयुर्वेद औषधालय डमरू द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला डमरू एवं कसडोल अंतर्गत शासकीय आयुर्वेद औषधालय कसडोल द्वारा शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कसडोल में किया जाएगा। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा वात रोग, उदर रोग, चर्म रोग, श्वास, कास, मधुमेह एवं सभी रोगों का निःशुल्क इलाज साथ ही साथ स्वास्थ्य, योग और आयुर्वेदिक जीवन शैली पर उपयोगी मार्गदर्शन दिया जाएगा। अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर मेला शिविर का लाभ उठा सकते हैं।

### पलारी में आज नगर सभा का आयोजन

**पलारी।** नगर पंचायत द्वारा 20 दिसम्बर को प्रातः 12 बजे से नगरसभा का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान नगरवासियों की सहभागिता से नगर विकास, स्वच्छता, सुरक्षा व्यवस्था,नशापान एवं जनहित से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जाएगी जिसके लिए नगरवासियों को आमंत्रित किया गया है। नगर पंचायत अध्यक्ष गोपी साहू ने बताया कि नगर के समग्र विकास एवं सुरक्षा को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से नगर सभा का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सभा में प्राप्त नागरिकों के सुझावों एवं सर्वसम्मति के आधार पर आवश्यक निर्णय लेकर आगे की कार्यवाही ▸▸ शेष पेज 10 पर

# पंचायतों में लगा शिविर, 155 आवेदनों का स्थल पर निराकरण

## सुशासन सप्ताह शिविर में जनप्रतिनिधि और अधिकारियों ने लोगों की समस्याएं सुनी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

सुशासन सप्ताह -प्रशासन गांव की ओर अभियान अंतर्गत कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन में जिले के चिन्हांकित पंचायतों एवं नगरीय निकायों में शुक्रवार को शिविर आयोजित किया गया। शिविर में स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं अधिकारियों की उपस्थिति में लोगों की समस्याओं को सुना गया तथा प्राप्त 258 आवेदनों में से 155 का शिविर स्थल में ही निराकरण किया गया। निराकरण के लिये शेष आवेदनों को शीघ्र निराकरण के निर्देश दिये गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शिविर के पहले दिन विकासखंड बलौदाबाजार अंतर्गत ग्राम पंचायत लाहोद, भाटापारा अंतर्गत ग्राम पंचायत तरेंगा, सिमगा अंतर्गत ग्राम पंचायत बनसांकरा, पलारी अंतर्गत ग्राम पंचायत अमेरा एवं कसडोल अंतर्गत ग्राम पंचायत छरछेद में शिविर का आयोजन किया गया। लाहोद में 25, तरेंगा में 73, बनसांकरा में 48, अमेरा में 60 एवं छरछेद में 52 आवेदन प्राप्त हुए थे। मांग और शिकायत के कुल 258 आवेदन प्राप्त हुए थे।





शिविर में सभी विभागों के द्वारा स्टॉल लगाकर योजनाओं की जानकारी आम जनों को दी गई तथा आवेदन भी लिये गए। इसके साथ ही पात्र हितग्राहियों को स्वामित्व योजनाओं से लाभान्वित भी किया गया।

## बारनवापारा वन्यजीव अभयारण्य में बर्ड सर्वे के लिए देश भर से आए 192 आवेदन


# बर्ड सर्वे के लिए 12 राज्यों से 80 प्रतिभागियों का किया चयन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

बारनवापारा वन्यजीव अभयारण्य में आगामी 16 से 18 जनवरी तक आयोजित होने जा रहे बर्ड सर्वे 2026 के लिए देशभर से उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली है। पंजीकरण प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद कुल 192 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से चयन प्रक्रिया के उपरांत 80 प्रतिभागियों को सर्वे के लिए शॉर्टलिस्ट किया जा चुका है। यह आंकड़ा छत्तीसगढ़ की पक्षी–विविधता और बारनवापारा अभयारण्य के प्रति राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ती रुचि को दर्शाता है।

इस सर्वे में चयनित प्रतिभागियों में बर्ड वॉचर्स, अनुभवी बर्डर्स एवं शोधकर्ता शामिल हैं। इनमें से 36 प्रतिभागी छत्तीसगढ़ से हैं, जबकि शेष प्रतिभागी देश के 12 राज्यों मध्य प्रदेश 8, महाराष्ट्र 14, कर्नाटक 5, बिहार 3, गुजरात 3, तेलंगाना 7, ओडिशा 2, उत्तर प्रदेश 2, पश्चिम बंगाल 2, राजस्थान 1, दिल्ली 1, आंध्र प्रदेश 1 और केरल 1 से चयनित हुए हैं। विविध पृष्ठभूमि से आए प्रतिभागियों की यह सहभागिता सर्वे को अत्यंत समृद्ध और व्यापक बनाती है।

सर्वे का उद्देश्य बारनवापारा की पक्षी–विविधता का वैज्ञानिक दस्तावेजीकरण, स्थानीय डेटा संग्रह को वैश्विक मंच से जोड़ना तथा संरक्षण के लिए समुदाय आधारित सहभागिता को बढ़ावा देना है। बारनवापारा का भू-दृश्य वन, घासभूमियां, जलाशय और मिश्रित पारिस्थितिकी तंत्र इसे राष्ट्रीय स्तर पर अत्यंत ▸▸ शेष पेज 10 पर



### वनमण्डलाधिकारी ने कहा कि

"बारनवापारा सेंट्रल छत्तीसगढ़ की जैव विविधता का प्रतिनिधित्व करता है, जहाँ मिश्रित एवं साल वनों के साथ विभिन्न प्रकार के पारिस्थितिक परिदृश्य मौजूद हैं। इस सर्वे से प्राप्त डेटा आगे चलकर अभयारण्य में आवश्यक प्रबंधन कार्य योजनाओं की पहचान में सहायक होगा। खासतौर पर उन पक्षी प्रजातियों के संरक्षण कार्य में, जिनकी संख्या में गिरावट देखी जा रही है।

# जिला प्रशासन की कार्रवाई 275 बोरी अवैध धान जब्त



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार अवैध धान भण्डारण एवं परिवहन पर राजस्व विभाग, खाद्य विभाग एवं मंडी की संयुक्त टीम द्वारा कड़ी निगरानी एवं अवैध धान पर जब्ती की कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में शुक्रवार को संयुक्त टीम द्वारा तहसील लवन एवं भाटापारा में कुल 275 बोरी अवैध धान जब्त की गई।

जानकारी के अनुसार तहसील लवन अंतर्गत ग्राम अहिल्दा में फुटकर व्यापारी कमल साहू से 160 बोरी, हरिराम साहू से 54 बोरी, हेतराम साहू से 28 बोरी धान अवैध रूप से पाये जाने पर जब्त किया गया। कुल 242 बोरी जब्त किये गये धान को सील कर ग्राम कोटवार को सुपुर्द किया गया। तहसील भाटापारा अंतर्गत ग्राम पौंसरी में संयुक्त टीम द्वारा अवैध धान की जांच की गई। सनथ किराना में रखे 33 बोरी धान के सम्बन्ध में कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पर अवैध धान जब्त कर ग्राम कोटवार को सुपुर्द किया गया। कार्रवाई के दौरान एसडीएम बलौदाबाजार प्रकाश कोरी, तहसीलदार पेखन टोण्ड्रे, नायब तहसीलदार अभिषेक अग्रवाल सहित मण्डी के अधिकारी मौजूद थे।

# जिले में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान जारी

**बलौदाबाजार।** जिला बाल संरक्षण अधिकारी प्रकाश दास के नेतृत्व में गुड गवर्नेंस वीक (सुशासन सप्ताह) के अवसर पर प्रशासन गांव की ओर अभियान के अंतर्गत बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित किया जा रहा है।

इस अभियान को जिला बाल संरक्षण इकाई, चाइल्ड लाइन एवं महिला सशक्तिकरण केंद्र की संयुक्त टीम द्वारा क्रियान्वित किया जा रहा है। कार्यक्रम के पहले दिन शुक्रवार को जिले के ग्राम लाहोद, तरेंगा, बनसांकरा, अमेरा एवं छरछेद में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। अभियान के दौरान बाल विवाह के विरुद्ध कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी जा रही है। साथ ही बच्चों के लिए उपलब्ध सरकारी योजनाओं जैसे स्पॉन्सरशिप योजना, फोस्टर केयर तथा अन्य कल्याणकारी योजनाओं के बारे में ▸▸ शेष पेज 10 पर

# तृतीय लिंग व्यक्तियों के पुनर्वास के लिए लगी कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

छत्तीसगढ़ रजत जयंती वर्ष 2025 के अवसर पर समाज कल्याण विभाग द्वारा शुक्रवार को जनपद पंचायत भाटापारा में तृतीय लिग व्यक्तियों के पुनर्वास एवं अधिकारों के संक्षण के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में तृतीय लिग व्यक्तियों के अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया एवं तृतीय लिग परिचय पत्र की आवश्यकता के बारे में बताया गया, ताकि ऐसे व्यक्ति अपना कार्ड बनावकर शासन की योजनाओं से मिलने वाले लाभ को ले सके। इस अवसर पर उपस्थित सभी तृतीय लिग व्यक्तियों को नशामुक्ति भारत अभियान के तहत नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में उपसंचालक समाज कल्याण सिनीवाली गोयल एवं प्रोग्राम मैनेजर दशोदी सिंह पैकरा उपस्थित थीं।



# पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा 31 तक

**बलौदाबाजार।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत जिले में खरीफ वर्ष 2025-26 के लिए राजस्व निरीक्षक मण्डल स्तर पर उद्यानिकी फसलों टमाटर, बैगन, फूलगोभी, पत्तागोभी, प्याज एवं आलू फसलों के लिए अधिसूचना जारी की गई है। ऋणी एवं अऋणी रूप से फसल बीमा कराने के अंतिम तिथि 31 दिसम्बर निर्धारित की गई है।सहायक संचालक उद्यान आभा पाठक ने बताया कि जिले के समस्त किसान इस योजना का लाभ उठाकर अपने फसलों का बीमा करवा सकते हैं। किसान अपने नजदीकी बैंक सहकारी समिति अथवा लोक सेवा केन्द्र एवं बीमा से जुड़ी जानकारी एवं समस्याओं के समाधान हेतु बीमा कंपनी के जिला समन्वयक पालेश्वर वर्मा मोबाईल नंबर से संपर्क कर सकते हैं। विकासखण्डवार अधिकारियों में विकासखण्ड सिमगा अंतर्गत ▸▸ शेष पेज 10 पर

# करोड़ों की ठगी का एक और आरोपी गिरफ्तार




हरिभूमि न्यूज ▸▸| कसडोल

शेयर मार्केट में निवेश कर दोगुनी रकम लौटाने का झांसा देकर करोड़ों रुपये की ठगी करने वाले गिरोह के विरुद्ध पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। इसी कड़ी में पुलिस ने शुक्रवार को एक और आरोपी ग्राम भूषड़ीपाली पुलिस चौकी सोनाखान निवासी 34 वर्षीय चंद्रप्रकाश साहू को गिरफ्तार किया है।

- शेयर मार्केट में निवेश कर दोगुनी राशि लौटाने के नाम पर लोगों से वसूल की थी राशि

पुलिस के अनुसार आरोपियों द्वारा आम लोगों को शेयर मार्केट में निवेश कर अधिक मुनाफा दिलाने का लालच देकर ठगी की। अब तक की जांच में इस गिरोह के विरुद्ध थाना कसडोल में 4 एवं थाना गिधौरी में 1 आपराधिक प्रकरण दर्ज किया जा चुका है।

इस प्रकरण में पहले ही शासकीय शिक्षक आरोपी रामनारायण साहू सहित 11 से अधिक आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस द्वारा अन्य फरार आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु लगातार संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है।

पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि यदि किसी व्यक्ति के साथ शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर ठगी की गई है, तो वह तत्काल संबंधित थाने में सूचना दें।



## खबर संक्षेप

### पुजारी के साथ मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के गुरु घासीदास मंदिर के पुजारी के साथ मारपीट करने के मामले में सिटी कोतवाली में आरोपी के विरूद्ध मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को प्रार्थी अंजोरदास कोसरे निवासी वार्ड नं. 13 ग्राम खरोरा ने बताया कि वह गुरू घासीदास मंदिर का पुजारी है और 18 दिसंबर को गुरु घासीदास जयंती पर गांव में शोभायात्रा निकाली गई थी, रात्रि करीब 07.30 से 8 बजे के मध्य वह गुरु घासीदास मंदिर में पूजा पाठ कर रहा था, उसी समय गांव का देवा पटेला आया और प्रसाद ग्रहण कर गुरू घासीदास में चढ़े नारियल को उठाकर कलश को गिराने लगा, जिस पर उसने मना किया, लेकिन आरोपी देवा पटेला ने तुम मुझे मना करने वाले कौन होते हो कहकर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट किया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2) , 296 , 351(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### एक्सीडेंट में धान खरीदी केंद्र का कंप्यूटर ऑपरेटर घायल

**महासमुंद।** कार की टक्कर से धान खरीदी केंद्र बावनकेरा का कंप्यूटर ऑपरेटर घायल हो गया। मामले की रिपोर्ट पर खल्लारी थाने में आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को राज किशोर सिन्हा निवासी ग्राम बावनकेरा ने बताया कि वह धान खरीदी केंद्र बावनकेरा में कंप्यूटर ऑपरेटर हैं। वह 14 दिसंबर को वह अपनी बुलेट मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 एचई 9509 से वह खल्लारी के आगे पाली रोड मां खल्लारी फ्यूल्स के पहले पहुंचा था तभी करीबन 7.30 बजे पाली की ओर से आ रही कार क्रमांक सीजी 12 एएक्स 0450 के चालक ने अपने वाहन को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर उसके दाहिने साईड को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे दाहिने हाथ एवं पैर में चोट आई। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 125(ए), 281 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## पेज 9 के शेष

### पलारी में आज ...

सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने समस्त नगरवासियों से अपील की कि नगर के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण हेतु नगर सभा में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपनी गरिमामयी उपस्थिति एवं सक्रिय सहभागिता दर्ज कराएं तथा पलारी को स्वच्छ, सुरक्षित एवं विकसित नगर बनाने में सहयोग प्रदान करें।

### बर्ड सर्वे के...

महत्वपूर्ण अध्ययन स्थल के रूप में स्थापित करता है। इस आयोजन में प्रतिभागियों को तीन दिवसीय फील्ड–सर्वे, प्रजाति पहचान, डेटा संग्रह तकनीक, आधारित रिकॉर्डिंग, संरक्षण सिद्धांतों एवं सिटिजन साइंस की उपयोगिता पर व्यावहारिक अनुभव प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम के सकारात्मक प्रभाव छत्तीसगढ़ में तेजी से उभरते बर्डिंग कल्चर, प्रकृति–आधारित पर्यटन एवं इको–पर्यटन को भी मजबूत करेंगे। बर्ड वॉचिंग से जुड़े इस प्रकार के आयोजन न केवल वैज्ञानिक शोध को गति देते हैं, बल्कि स्थानीय लोगों, युवाओं और समुदायों को प्रकृति संरक्षण से जोड़ने में भी अत्यंत सहायक सिद्ध होंगे। इससे राज्य में सतत इको–टूरिज्म को बढ़ावा मिलेगा और बारनवापारा अभयारण्य एक प्रमुख बर्डिंग डेस्टिनेशन के रूप में तेजी से स्थापित होगा। स्थिति यह भी स्पष्ट कर रही है कि नागरिक विज्ञान आधारित इस सर्वे की भागीदारी, जैव विविधता संरक्षण के नए अवसर खोलेगी विशेषकर उन पक्षी प्रजातियों के लिए जो दुर्लभ होती जा रही हैं या जिनकी उपस्थिति में गिरावट दर्ज की जा रही है। यह डेटा संरक्षण रणनीतियों, अनुसंधान योजनाओं और दीर्घकालिक प्रबंधन हस्तक्षेपों के लिए महत्वपूर्ण आधार तैयार करेगा।

### जिले में बाल विवाह ...

भी जागरूक किया जा रहा है। स्कूलों में बच्चों को बाल विवाह के खिलाफ शपथ दिलाई जा रही है। इसके साथ ही चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 जैसी महत्वपूर्ण सेवाओं की जानकारी दी जा रही है और शिक्षा के महत्व पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

### पुनर्गठित मौसम ..

ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी अमन राठौर, भाटापारा ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी बालकृष्ण राठौर, बलौदाबाजार उद्यान अधीक्षक हीरासिंह पैकरा, पलारी उद्यान अधीक्षक पुकराम टैगर एवं कसडोल से ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी रवि कुमार बघेल से संपर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# बारनवापारा वन्यजीव अभयारण्य में सफारी गाइडों ने लिया स्टोरी टेलिंग का प्रशिक्षण

## प्रशिक्षण से गाइडों की संवाद क्षमता और आत्मविश्वास में वृद्धि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

बारनवापारा वन्यजीव अभयारण्य में सफारी गाइडों के लिए स्टोरीटेलिंग (कहानी कहने की कला) विषय पर दो दिवसीय विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य पर्यटकों के अनुभव को और अधिक रोचक, ज्ञानवर्धक एवं यादगार बनाना रहा।कार्यशाला में बारनवापारा अभयारण्य के कई अनुभवी एवं नव-नियुक्त सफारी गाइडों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागी गाइडों ने इस पहल की सराहना करते हुए बताया कि इससे उन्हें पर्यटकों से अधिक प्रभावी और आत्मीय संवाद स्थापित करने में सहायता मिलेगी। इस कार्यशाला को लेकर वनमण्डलाधिकारी ने कहा




### पर्यटकों से प्रभावी संवाद स्थापित करे

कार्यशाला में विशेषज्ञ प्रशिक्षक संजय कुमार पयासी ने सफारी गाइडों को कहानी कहने की तकनीक, संवाद कौशल, पर्यटकों से प्रभावी संवाद स्थापित करने के तरीके तथा सफारी के दौरान जीव-जंतुओं और उनके प्राकृतिक व्यवहार को रोचक कथाओं के माध्यम से प्रस्तुत करने की जानकारी दी। साथ ही वन्यजीव संरक्षण से जुड़े संदेशों को सरल भाषा में पर्यटकों तक पहुँचाने पर विशेष जोर दिया। कार्यक्रम के दौरान वन परिक्षेत्र अधिकारी बारनवापारा गोपाल प्रसाद वर्मा, प्रशिक्षु वन क्षेत्रपाल सुश्री कविता ठाकुर, सुगम निषाद सहित अन्य वनकर्मी उपस्थित रहे।

कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम सफारी गाइडों को और अधिक दक्ष बनाते हैं तथा पर्यटकों को अभयारण्य की जैवविविधता और संरक्षण प्रयासों से जोड़ने में सहायक सिद्ध होते हैं। उन्होंने भविष्य में भी इस प्रकार की कार्यशालाओं को निरंतर आयोजित किए जाने की आवश्यकता पर बल दिया। इस प्रकार की कार्यशालाओं से सफारी गाइडों की संवाद क्षमता और प्रस्तुति कौशल में वृद्धि होती है, जिससे पर्यटकों को अभयारण्य की जैवविविधता, वन्यजीवों के व्यवहार और संरक्षण प्रयासों की बेहतर समझ प्राप्त होती है। इससे न केवल पर्यटकों का अनुभव समृद्ध होता है बल्कि वन्यजीव संरक्षण के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण भी विकसित होता है और इको-टूरिज्म को बढ़ावा मिलता है।

## कलेक्टर ने कहा -रोजमर्रा के कार्यों में मिलेगी सहूलियत

# व्हीलचेयर मिलने से नि:शक्त धनवंतिन का बढ़ा हौसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

कलेक्टर दीपक सोनी ने समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांग बालिका को व्हील चेयर प्रदान किया। इस अवसर पर कलेक्टर सोनी ने कहा कि दिव्यांगजन समाज की महत्वपूर्ण कड़ी हैं और उनके सशक्तिकरण के लिए शासन द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

सहायक उपकरणों के माध्यम से दिव्यांग बच्चों को आगे बढ़ने, अपनी प्रतिभा को निखारने और आत्मविश्वास के साथ जीवन जीने का अवसर मिलता है। जिला प्रशासन का उद्देश्य है कि कोई भी पात्र दिव्यांग व्यक्ति सहायता से वंचित न रहे।




विकासखंड भाटापारा अंतर्गत ग्राम खपरी (सिल्वा) निवासी बचपन से दिव्यांग धनवंतिन मानिकपुरी, पिता अमर दास को व्हीलचेयर मिलने से उसके जीवन में आत्मनिर्भरता की नई उम्मीद जगी है तथा उनके दैनिक कार्य, शिक्षा एवं सामाजिक गतिविधियों में उल्लेखनीय सुविधा मिलेगी। सहायक उपकरण प्राप्त कर धनवंतिन के चेहरे पर खुशी स्पष्ट दिखाई दी। परिजनों ने बताया कि इस सहयोग से उनकी बेटी को पढ़ाई सहित रोजमर्रा के कार्यों में काफी सहूलियत मिलेगी, जिससे उसका भविष्य अधिक सुरक्षित और सशक्त बनेगा। उन्होंने जिला प्रशासन एवं कलेक्टर श्री सोनी के प्रति आभार व्यक्त किया।

# व्याख्याता मदन लाल उज्जैन में शिक्षा शिल्पी सम्मान से विभूषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़

मध्यप्रदेश की धार्मिक नगरी उज्जैन में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन में बिलाईगढ़ क्षेत्र के ग्राम खुरसुला के व्याख्याता मदन लाल तोमर को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए शिक्षा शिल्पी उपाधि और सारस्वत सम्मान से सम्मानित किया गया है।

■ शिक्षा शिल्पी उपाधि और सारस्वत सम्मान से सम्मानित किया गया

ब्रह्मलीन मौनीबाबा के 116वें श्रद्धा पर्व के अवसर पर मौनतीर्थ हिंदी विद्यापीठ उज्जैन, एमडी एजुकेशन सोसायटी सरायपाली, छत्तीसगढ़ और कलिंगा यूनिवर्सिटी रायपुर के संयुक्त तत्वाधान में शिक्षा शिल्पीः रिफ्लेक्ट द पर्सनालिटी ऑफ टीचर्स नेशनल कॉन्फ्रेंस कम अवार्ड सेरेमनी का आयोजन 13-14 दिसंबर को किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारत सरकार के सेवानिवृत्त वरिष्ठ हिंदी अधिकारी डॉ. पी.आर. वासुदेवन शेष चेन्नई उपस्थित थे।



अध्यक्षता सुप्रसिद्ध लेखक डॉ. नन्दलाल मणि त्रिपाठी पीताम्बर गोरखपुर ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में कलिंगा विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संदीप गांधी और मौनतीर्थ पीठ के अमित पुरोहित सम्मिलित हुए।

सम्मेलन के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षकों की भूमिका विषय पर राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी आयोजित की गई। प्रथम दिवस शिक्षण कार्य, कुशल प्रबंधन, नेतृत्व क्षमता और एक सुविधादाता के रूप में शिक्षक के कर्तव्यों पर गहन चर्चा हुई। द्वितीय दिवस देश के 13 राज्यों से चयनित 21 शिक्षकों को शिक्षा शिल्पी और 8 शिक्षकों को शिक्षा शिरोमणि सम्मान प्रदान किया गया।

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खुरसुला में पदस्थ व्याख्याता मदन लाल तोमर को मिले इस राष्ट्रीय सम्मान पर संस्था के प्राचार्य हरेंद्र कुमार शांडिल्य, समस्त स्कूल स्टाफ, मित्रों और परिजनों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. अनिल कुमार प्रधान द्वारा किया गया। आयोजन को सफल बनाने में एमडी एजुकेशन सोसायटी के अध्यक्ष महेंद्र पसायत, कोषाध्यक्ष मनोज प्रधान, धर्मेश जोशी, कुंदन पाटिल सहित अन्य सदस्यों का विशेष योगदान रहा।

# बच्चों को शिक्षित करने घर-घर जाकर पालकों से संपर्क कर रहे शिक्षक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

पूर्व माध्यमिक विद्यालय छड़िया में विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने हेतु शिक्षकों द्वारा एक सराहनीय पहल के रूप में पालक संपर्क अभियान निरंतर चलाया जा रहा है।

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य विद्यालय में नामांकित किंतु नियमित रूप से शाला नहीं आने वाले बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना तथा उनकी उपस्थिति प्रतिशत में वृद्धि करना है। विद्यालय के शिक्षक नियमित रूप से गांव में घर-घर जाकर ऐसे बच्चों के अभिभावकों से प्रत्यक्ष संपर्क कर उन्हें बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय भेजने के लिए समझाइश दे रहे हैं। साथ ही भ्रमण के दौरान विद्यालय समय में गली-मोहल्लों में घूमते पाए जाने वाले बच्चों को तत्काल विद्यालय लाकर उनसे अनुपस्थिति के कारणों पर चर्चा की जा रही है, ताकि समस्याओं का उचित एवं निदानात्मक समाधान किया जा सके। इस संबंध में विद्यालय के प्रधान पाठक धीरेंद्र कुमार वर्मा ने बताया कि विद्यालय में शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह पालक संपर्क अभियान सतत रूप से संचालित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के प्रति बच्चों और अभिभावकों में जागरूकता बढ़ाने के लिए शिक्षक पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य कर रहे हैं।विद्यालय के इस सकारात्मक एवं प्रभावी प्रयास को ग्रामवासियों द्वारा भी भरपूर सराहना मिल रही है। ग्रामीणों का कहना है कि इस प्रकार के अभियान से न केवल बच्चों की उपस्थिति बढ़ेगी, बल्कि शिक्षा के महत्व के प्रति समाज में जागरूकता भी सुदृढ़ होगी।

# जैविक सब्जी-भाजी उत्पादन से देवपुर की महिलाओं को मिली सफलता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

परिक्षेत्र देवपुर अंतर्गत सरस्वती महिला स्व सहायता समूह द्वारा जैविक सब्जी उत्पादन के माध्यम से सतत आजीविका और आत्मनिर्भरता का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया गया है।

देवपुर वनक्षेत्र की महिलाएं जो पूर्व में मजदूरी के लिए गांव से बाहर जाने को विवश थीं, उनकी आय का स्त्रोत स्थिर नहीं होने के कारण उन्हें सामाजिक और पारिवारिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। ऐसे समय में वन विभाग ने उन्हें जैविक खेती से जोड़कर आजीविका का नया अवसर प्रदान किया, जिससे पलायन की समस्या कम हुई और पारिवारिक स्थिति मजबूत हुई।

वनमंडलाधिकारी बलौदाबाजार द्वारा समूह बैठकों में महिलाओं की समस्याओं को समझते हुए जैविक सब्जी खेती का सुझाव



दिया गया। इस अवसर को महिलाओं ने उत्साहपूर्वक स्वीकार किया और देवपुर नर्सरी परिसर में उपलब्ध दो एकड़ भूमि पर खेती का कार्य प्रारंभ किया। वन विभाग द्वारा जैविक खेती तकनीक, बीज चयन, प्राकृतिक उर्वरक निर्माण और पौध संरक्षण संबंधी प्रशिक्षण भी दिया गया। भविष्य में समूह को उन्नत कृषि प्रशिक्षण संस्थानों से भी जोड़ा जाएगा। जैविक खेती के इस कार्य की शुरुआत संयुक्त वन प्रबंधन समिति से प्राप्त लाभांश राशि के उपयोग से की गई। इस राशि से बीज, कृषि सामग्री, सिंचाई व्यवस्था और अन्य आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए गए। समिति द्वारा आर्थिक सहयोग के साथ नियमित प्रगति की समीक्षा कर समूह को प्रोत्साहित भी किया गया। जैविक पद्धति से लाल भाजी, मेथी, बैंगन, टमाटर, कुसुम भाजी, धनिया, भिंडी एवं पालक जैसी सब्जियों का उत्पादन किया जा रहा है। रसायन रहित खेती और प्राकृतिक खाद के प्रयोग से तैयार इन सब्जियों की स्थानीय बाजार में अच्छी मांग बन रही है। इससे समूह की आय में निरंतर वृद्धि हो रही है और रोजगार गांव में ही उपलब्ध होने से आत्मनिर्भरता और आत्मसम्मान की भावना मजबूत हुई है। महिलाओं द्वारा संचालित यह पहल अब गांव के अन्य परिवारों को भी जैविक खेती अपनाने हेतु प्रेरित कर रही है।

सरस्वती महिला स्व सहायता समूह की अध्यक्ष हीरामोती बरिहा ने बताया कि हमारी समूह की महिलाओं ने पहली बार संगठित होकर जैविक सब्जी उत्पादन शुरू किया है। इस कार्य से हमारी आमदनी बढ़ रही है, परिवार की जरूरतें पूरी हो रही हैं और हम इसे आगे और बढ़ाने के लिए अत्यंत उत्साहित हैं।

इस सम्पूर्ण प्रक्रिया की निगरानी वन परिक्षेत्र अधिकारी संतोष कुमार पैकरा एवं वनरक्षक अजीत ध्रुव द्वारा की गई।

## पल्स पोलियो अभियान के लिए बीएमओ ने ली मैदानी अमले की बैठक

**लवन।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य विभाग के मैदानी अमले के लिए एक महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। अस्पताल भवन की ऊपरी मंजिल पर आयोजित इस बैठक में प्लस पोलियो अभियान की रणनीतियों और अन्य स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने पर विस्तृत चर्चा की गई।खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. नवदीप बांधे ने बताया कि क्षेत्र में प्लस पोलियो अभियान 21 से शुरू होकर 23 दिसंबर तक चलेगा। उन्होंने निर्देश दिया कि शून्य से पांच



वर्ष तक का कोई भी बच्चा दवा पीने से वंचित न रहे, इसके लिए मितानिनों और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को मुस्तैदी से काम करना होगा।

**अधिकारियों और कर्मचारियों को मिले दिशा-निर्देश**

प्रशिक्षण के दौरान बीएमओ ने आरएचओ, सीएचओ और मितानिन ट्रेनरों को अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए जरूरी तकनीकी और प्रशासनिक दिशा-निर्देश जारी किए।

# संकुल स्तरीय शिक्षकों ने नवनियुक्त प्राचार्य का किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

संकुल स्तरीय अमसेना विकासखंड आरंग के शिक्षकों ने तीरथ राम बांधे संकुल समन्वयक अमसेना के अगुवाई में सभी सात प्राथमिक एवं तीन मिडिल स्कूल अमोदी, कोड़ापार, धोवभट्ठी, परसवाणी, अमसेना के शिक्षकों ने नवनियुक्त प्राचार्य डॉ. दिलीप झा का संयुक्त रूप से स्वागत किया तथा स्मृति चिन्ह प्रदान कर बधाई दी।

प्राचार्य डॉ. दिलीप झा ने स्वागत के लिए सभी का आभार व्यक्त किया। वहीं नवनियुक्त प्राचार्य डॉ. दिलीप झा ने सभी प्राथमिक एवं मिडिल, हायर सेकंडरी स्कूलों के शिक्षक शिक्षिकाओं से परिचय प्राप्त किया तथा शैक्षणिक गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा परिचर्चा की तथा एफएलएन, परीक्षा पे चर्चा, मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता, परीक्षा परिणाम और अन्य विद्यालयीन गतिविधियों के मुद्दे पर चर्चा कर जानकारी ली। आगामी शैक्षणिक गतिविधियों को और कैसे सुधारा जा सकता है, इस पर दिशा निर्देश दिया। इस अवसर पर संकुल अमसेना के शिक्षक शिक्षिकाओं तीरथ राम बांधे संकुल समन्वयक, नरसिंह बंजारे वरिष्ठ व्याख्याता, दिनेश तिवारी, बरातीलाल मंगेशकर, अमरदास जांगड़े, लक्ष्मण प्रसाद तिवारी, अमरदास जांगड़े, कंवलप्रसाद हंसराज, मेहर सिंह रावते, जितेंद्र चंद्राकर,रूपेंद्र नेताम,तेजेंद्र यदु, दीपा दुबे, कंचन ठाकुर, तेजकुमार साहू, नरेश कथारे, आशा बांधे, दुर्गेश कुमार साहू, टीकम, घनश्याम साहू, रोहित साहू, अजय कुमार बंसोड़, विनोद बरमाल, रामप्रकाश वर्मा, मुकेश कुमार साहू ,गोवर्धन धीवर, मनमोहनदास कोसले, विकाश गुप्ता आदि उपस्थित थे।

## श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के तृतीय दिवस पंडाल भक्ति रस से रहा सराबोर

# सत्संग से मनुष्य के भीतर सुप्त पड़े सात्विक विचार होते हैं जागृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी-रवान

ग्राम सकलोर में आयोजित श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के तृतीय दिवस कथा पंडाल भक्ति रस से सराबोर हो गया। राष्ट्रीय कथा वाचिका अनन्या शर्मा ने श्रोताओं को आध्यात्मिक संदेशों से अभिभूत कर दिया। उन्होंने कथा का शुभारंभ करते हुए कहा कि मनुष्य का स्वभाव उस जल की बूंद की तरह होता है, जो यदि गर्म तवे पर गिरे तो मिट जाता है, कमल के पत्ते पर गिरे तो मोती की तरह चमकता है और यदि सीप में गिरे तो स्वयं मोती बन जाता है। बूंद वहीं रहती है, अंतर केवल संगति का होता है। सुश्री शर्मा ने बताया कि सत्संग से मनुष्य के भीतर सुप्त पड़े सात्विक विचार और संस्कार जागृत होते हैं। एक सच्चा मित्र या सद्गुरु हमें अधर्म के मार्ग से रोककर संकट में धैर्य प्रदान करता है। भागवत के श्लोकों का उल्लेख करते हुए





उन्होंने कहा कि 'सत्संग' ही वह प्रथम सीढ़ी है, जो जीव को माया के बंधन से मुक्त कर ईश्वर से जोड़ती है।

उन्होंने तुलसीदास की पंक्तियों और संतवाणी के माध्यम से संगति के महत्व को सरल शब्दों में समझाया। कथा के दौरान बालक प्रहलाद के चरित्र का विस्तार से वर्णन करते हुए बताया गया कि अडिग भक्ति के बल पर भगवान स्वयं नृसिंह रूप में प्रकट हुए। वहीं जड़ भरत के चरित्र के माध्यम से मोह-माया से विरक्ति और वैराग्य का संदेश दिया गया। अजामिल प्रसंग के माध्यम से नाम-स्मरण की महिमा बताते हुए कहा गया कि अंत समय में भी प्रभु नाम लेने से उद्धार संभव है। नारद जी के लोक कल्याणकारी उपदेशों और सृष्टि की उत्पत्ति पर भी प्रकाश डाला गया। अनन्या शर्मा ने कहा कि श्रीमद्भागवत केवल सुनने का ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन में उतारने की कला है। जो कथा हृदय में उतर जाए और आचरण में दिखे, वही सार्थक है। कथा पंडाल में उपस्थित श्रद्धालु कथा श्रवण कर भावविभोर होते रहे।

## खबर संक्षेप



### रूपेश कुमार बने आरक्षक

**अर्जुनी।** भाटापारा विकासखंड अंतर्गत तरेंगा निवासी रूपेश कुमार रजक का पुलिस आरक्षक पद पर चयनित होने पर धोबी समाज तरेंगा राज ने हर्ष जताया है। सहसचिव ईश्वर प्रसाद रजक ने सपरिवार उसके निज निवास तरेंगा पहुंचकर बधाई दी। तत्पश्चात महामाया मंदिर में माता जी का दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

### आपदा पीड़ित परिवारों को 16 लाख की आर्थिक सहायता

**बलौदाबाजार।** प्राकृतिक आपदा से मृत 4 लोगों के निकट परिजनों के लिए प्रत्येक व्यक्ति के लिए 4-4 लाख के मान से 16 लाख की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। कलेक्टर दीपक सोनी ने राजस्व पुस्तक परिपत्र की धारा 6-4 के तहत ये स्वीकृतियां प्रदान की हैं।जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित परिजनों में कुंवरमति खड़िया पति स्व. हिरानंद खड़िया, निवासी ग्राम छाता, तहसील सोनाखान, प्रीति खड़िया पति स्व. बीरसिंग खड़िया, निवासी ग्राम छाता, तहसील सोनाखान, जीवनलाल यादव पिता धनसाय, निवासी ग्राम कसौंदी, तहसील सोनाखान एवं मुगेली पैकरा पति स्व सोनाराम पैकरा, निवासी ग्राम महराजी, तहसील सोनाखान शामिल है। पीड़ितों के निकट परिजनों के आग में जलने एवं नदी के पानी में डूबने से मृत्यु हो गई थी। कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदारों को आरटीजीएस के जरिये पीड़ित लोगों के खाते में राशि जमा करने के निर्देश दिये हैं।

### जिला में प्रथम अपीलीय औरं जन सूचना अधिकारी नियुक्त

**बलौदाबाजार।** जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग बलौदाबाजार अंतर्गत आयोग के अध्यक्ष छमेश्वर पटेल को प्रथम अपीलीय अधिकारी एवं सदस्य हरजीत सिंह चावला को जनसूचना अधिकारी नियुक्ति किया गया है। यह नियुक्ति सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 के उद्देश्यों के अनुरूप पारदर्शिता एवं नागरिको के लिए व्यावहारिक शासन पद्धति स्थापित करने हेतु सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 5 (1) के प्रावधानों के अनुरूप तथा छत्तीसगढ़ राज्य उपभोक्ता आयोग रायपुर से प्राप्त निर्देशो के अनुपालन में किया गया है। कोई भी आम नागरिक जो सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 के अंतर्गत जानकारी प्राप्त करना चाहता है वह निर्धारित शुल्क के साथ जनसूचना अधिकारी के समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर सकता है।

### जयंती कार्यक्रम में शरीक हुए तुषार

**महासमुंद।** ग्राम परसट्टी में आयोजित गुरु घासीदास जयंती में भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू शामिल हुए। साथ में ग्राम प्रमुख सरपंच लेखराज साहू उपस्थित रहे। तुषार ने अपने उद्बोधन में कहा कि बाबा गुरु घासीदास (1756-1850) भारत के एक संत थे, जो छत्तीसगढ़ राज्य के बलौदा बाजार जिले के गिरौदपुरी गांव में पिता महंगुदास एवं माता अमरौतिन के यहां अवतरित हुए थे। वे सतनाम पंथ जिसे आम बोलचाल में सतनामी समाज कहा जाता है, के प्रवर्तक थे।

## निधन

### पंकज साहू



**सिमगा।** नगर के पंकज साहू का निधन हो गया। वे गीतेश फोटो स्टूडियो के संचालक बोधन साहू एवं कमलेश साहू परिक्षेत्र साहू समाज के अध्यक्ष के छोटे भाई थे। उनका अंतिम संस्कार कार्यक्रम शुक्रवार को शिवनाथ किनारे स्थित मुक्तिधाम में किया गया। अंतिम संस्कार कार्यक्रम में समाज एवं नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

---

**जयंती : गुरु घासीदास बाबा की शोभायात्रा का विधायक ने कांग्रेसजनों के साथ किया स्वागत**

# मनखे मनखे एक समान, बाबा का यह उपदेश आज भी प्रासंगिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा



संत बाबा गुरु घासीदास बाबा की जयंती पर प्रगतिशील सतनामी समाज द्वारा निकाली गई शोभायात्रा का कांग्रेसजनों ने विधायक इंद्र साव के नेतृत्व में जोरदार स्वागत किया। इस दौरान विधायक साव ने जैतखंभ और बाबा के चित्रों पर नारियल फूल चढ़ा कर पूजा अर्चना करते हुए पूरे क्षेत्र की जनता की खुशहाली की कामना के लिए बाबा से आशीर्वाद मांगा।

इस अवसर पर विधायक इंद्र साव ने बाबा गुरू घासीदास जयंती की बधाई देते हुए कहा कि आज हम सभी बाबा की 269वीं जयंती मना रहे हैं, ताकि बाबा के पद चिन्हों पर चलने का संकल्प ले सकें। उन्होंने कहा कि बाबा गुरू घासीदास ने अपनी साधना और तपस्या के बल पर पूरे मानव समाज को एकता के सूत्र में बांधा। छूआछूत की भावना को दूर करते हुए सर्व समाज को आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि बाबा ने सत्य के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। आप सभी उनके संदेशों का अनुकरण करते हुए जीवन में आगे बढ़ें।

विधायक श्री साव ने आगे कहा कि बाबा गुरू घासीदास ने ऊंच-नीच, भेद-भाव, छूआछूत का प्रबल विरोध किया, मनखे-मनखे एक समान का उपदेश दिया। सब को साथ लेकर चलना बाबा का संदेश था और इसी संदेश को आज सर्व समाज अपना रहा है।

विधायक इंद्र साव के नेतृत्व में कांग्रेस भवन के पास शोभायात्रा का स्वागत करने वालों में मुख्य रूप से ईश्वर सिंह ठाकुर, देवनारायण बांधे आलोक मिश्रा, शैली भटिया, पार्षद चंद्रशेखर चक्रधारी, अजय ठाकुर, गेंदु साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन और समाज के लोग शामिल थे।

## दतान ख में गूंजा मनखे-मनखे एक समान का संदेश



**कसडोल।** ग्राम पंचायत दतान (ख) में बाबा गुरु घासीदास की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए।

जयंती समारोह की शुरुआत बाबा जी की पूजा-अर्चना के साथ हुई। इसके पश्चात गांव में मानव-मानव एक समान के संदेश के साथ भव्य सतनाम संदेश यात्रा निकाली गई। श्वेत ध्वज के साथ निकली इस यात्रा में पंथी नृत्य और बाबाजी के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। ग्राम भ्रमण के दौरान ग्रामीणों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया।

कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने बाबा गुरु घासीदास के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि बाबाजी ने विश्व को शांति, अहिंसा और समानता का मार्ग दिखाया है, जो आज के समय में अत्यंत प्रासंगिक है। कार्यक्रम में दतान पंचायत की सरपंच चंदा ईश्वर महिलांग, जनपद सदस्य अश्वनी महिलांग, युवा आदिवासी नेता मुकेश ठाकुर, सचिव बंशी सोनवानी, आमसभा अध्यक्ष समेलाल साहू, उपाध्यक्ष गीता राम मिरी और भंडारी गणेश मिरी प्रमुख रूप से उपस्थित थे। आयोजन को सफल बनाने में सुखीराम मिरी, बारातू घृतलहरे, खोलबाहारा मिरी, पवन मिरी, चैनदास घृतलहरे, चंद्रप्रकाश बारले, नरेश कोसले, कौशल घृतलहरे सहित बड़ी संख्या में युवाओं और समस्त ग्रामवासियों का विशेष योगदान रहा

### जगह-जगह मनाई गई गुरु बाबा की जयंती



**खरोरा।** परिक्षेत्र के ग्रामों में बाबा गुरु घासीदास की जयंती पर भव्य समारोह का आयोजन किया गया। पंथी नृत्य टोली की अगवाई में सतगुरु की मंगल आरती व जयकारे के साथ सतनाम शोभायात्रा निकाल कर ग्राम भ्रमण कराया गया। समारोह स्थल पर पंथी प्रतियोगिता, मंगल भजन का आयोजन किया गया। इसी कड़ी में ग्राम माठ, पथराकुंडी, कठीया, धनसुली, बनरसी में आयोजित बाबाजी की जंयती समारोह पर जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन कुमार अग्रवाल सम्मिलित होकर जैतखाम की पूजा अर्चना कर बाबा गुरु घासीदास से मानव समाज के सुख समृद्धि की कामना की।

## गुरु घासीदास की शोभायात्रा पर सुनील माहेश्वरी ने की पुष्प वर्षा



**भाटापारा।** बाबा गुरु घासीदास जयंती पर प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि सुनील माहेश्वरी ने अपने निवास के सामने शोभायात्रा पर फूलों की बरसात के साथ भव्य स्वागत किया।

इस अवसर पर सुनील माहेश्वरी ने कहा कि आज हम सभी के लिए अत्यंत गौरव और श्रद्धा का दिन है। महान समाज सुधारक, मानवता के सच्चे पथ प्रदर्शक गुरु घासीदास बाबा की जयंती की पर आयोजित इस भव्य शोभायात्रा का स्वागत करने का सौभाग्य हमें प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा की गुरु घासीदास बाबा केवल एक संत नहीं थे, वे सत्य, समानता और अहिंसा के प्रतीक थे। ऐसे समय में जब मानव मानव के बीच अंधविश्वास, छुआछूत और भेदभाव का भाव था, तब बाबा जी ने मनखे-मनखे एक समान का अमर संदेश देकर मानव समाज को नई दिशा दी।

माहेश्वरी ने कहा की आज निकली यह शोभा यात्रा केवल एक परंपरा नहीं है, बल्कि गुरु घासीदास बाबा के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प है। माहेश्वरी सहित उपस्थित कांग्रेस जन और जनप्रतिनिधियों ने इस अवसर पर सभी आयोजकों, स्वयंसेवकों और श्रद्धालुओं को इस भव्य आयोजन के लिए बधाई दी। शोभा यात्रा की स्वागत करने में प्रमुख रूप से आलोक मिश्रा, जिला पंचायत सदस्य एवं ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अमर मंडावी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता अजीत बाजपेई, दीपक वर्मा, सीरीज जांगड़े, भूलूं कुर्रे, संतोष सोनी, अयूब बाठिया, पुनीत मानिकपुरी, मनमोहन कुर्रे, विष्णु कौशले , विधानसभा युका अध्यक्ष मोहन निषाद, राजा तिवारी, प्रमिला साहू, गोपाल शर्मा, चंद्र कुमार साहू, शैलेन्द्र अहिरवार, नवीन बख्श, संजय केशवानी,रवि ध्रुव, सतरूपा वर्मा, निर्मला कोशरे, कुमारी जांगड़े,संजय बघेल, भूपेश जांगड़े, सतीश गेंद्रे, नीलकंठ ध्रुव, हिरमत साहू, ज्योति सतनामी, बृजमोहन वर्मा आदि सहित भारी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

### गुरु घासीदास जयंती हर्षोल्लास के साथ मनी



**पलारी।** संत गुरुघासी दास की जयंती अंचल में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस दौरान गुरुघासी दास बाबा के अनुयायियों ने स्तुति करते हुए जैतखाम की पूजा अर्चना की तथा पालो चढ़ाया गया। बाबाजी की जयंती पर उनके भक्तों ने उपवास रखा। नगर पलारी के वार्ड नं 7 में कार्यक्रम आयोजित किया, जहां नगर अध्यक्ष गोपी साहू ने बाबाजी के बताए रास्ते पर चलने का आह्वान किया। पार्षद प्रतिभा धिरहे और नेमसिंह बांधे ने गुरु घासीदास के आदर्श और मूल्य को आत्मसात कर जीवन को धन्य बनाने की अपील की। इस दौरान हरीश गेन्द्रे, तेजराम बांधे सहित महिलाए बड़ी संख्या उपस्थित थे। वहीं रसौटा में पूर्व जनपद तुलसी डहरिया व जनपद सदस्य लालिमा डहरिया के नेतृत्व में गुरु घासीदास जयंती धूमधाम से मनाई गई, जहां सतनामी समाज के अलावा सर्व समाज के लोग शामिल होकर जैतखाम तथा गुरुघासी दास के छायाचित्र की पूजा अर्चना की गई तथा प्रसादी का वितरण किया। इस दौरान ओमप्रकाश चंद्रवंशी, संकेत वर्मा, पवन वर्मा, रज़्ज़ाक खान, हेमलाल साहू, अभिषेक महोबे, योगेश वर्मा, साधना बाई डहरिया, रामखिलावन डहरिया सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

### गुरु घासीदास की शोभा यात्रा में शामिल हुए विधायक इंद्र साव



**सिमगा।** संत बाबा गुरु घासीदास के जयंती के अवसर पर सिमगा नगर में भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधायक इन्द्र साव विशेष रूप से शामिल हुए और शोभायात्रा में सहभागिता कर बाबा गुरु घासीदास को नमन किया। शोभायात्रा के दौरान जय स्तंभ चौक में सतनामी समाज के प्रमुख एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष हिरेंद्र कोसले के नेतृत्व में केक काटकर बाबा गुरु घासीदासजी का जन्मदिन श्रद्धा एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विधायक साव ने सतनामी समाज सहित नगर वासियों को बाबा गुरु घासीदास की जयंती की बधाई दीं। इस मौके पर विधायक साव ने कहा कि संत बाबा गुरु घासीदास केवल सतनामी समाज ही नहीं, बल्कि सम्पूर्ण मानव समाज के महान समाज सुधारक और पथ प्रदर्शक थे। उन्होंने सतनाम का संदेश देकर समाज को सत्य, समानता, प्रेम और भाईचारे के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। बाबा गुरु घासीदास ने अपने समय में सामाजिक भेदभाव, छुआछूत, अंधविश्वास और अन्य कुरीतियों के विरुद्ध संघर्ष कर समाज को नई दिशा प्रदान की। विधायक साव ने कहा कि बाबा गुरु घासीदास के बताए मार्ग पर चलकर ही एक समरस, सशक्त और न्यायपूर्ण समाज का निर्माण संभव है। उन्होंने युवाओं से शिक्षा को अपनाने, सामाजिक एकता बनाए रखने तथा नशा, अंधविश्वास और सामाजिक बुराइयों से दूर रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि बाबा गुरु घासीदास का जीवन सत्य और मानवता के लिए समर्पित रहा, जो आज भी हम सभी को सही मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि शैली भाटिया, पूर्व पार्षद संजय कोसले, अशोक देवांगन, सुरेन्द्र कोसले, दिलीप कोसले, मेहत्तरू बारले, सनत पात्रे सहित बड़ी संख्या में सतनामी समाज के गणमान्यजन एवं श्रद्धालु उपस्थित थे।

### सत्य मार्ग पर चलने का दिया संदेश

**घोटिया।** ग्राम पंचायत घोटिया में 19 दिसंबर को सतनाम शोभायात्रा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूरे गांव में भक्तिमय वातावरण देखने को मिला। शोभायात्रा निकालकर विधिवत रूप से पालो चढ़ाया गया, जिसमें ग्रामीणजनों की भारी सहभागिता रही। शोभायात्रा में पुरुष, महिलाएं एवं युवा बड़ी संख्या में शामिल हुए। डीजे की भक्तिमय धुनों पर ग्रामीण श्रद्धा और उत्साह के साथ झूमते नजर आए। पूरे मार्ग में सतनाम के जयघोष से वातावरण गूंज उठा। कार्यक्रम के माध्यम से सतनाम पंथ के अनुयायियों ने सत्य, सदाचार और मानवता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा जन-जन तक पहुंचाई। शोभायात्रा ने सामाजिक एकता, भाईचारे और आध्यात्मिक चेतना का संदेश दिया। इस अवसर पर ग्राम के वरिष्ठजन, युवा वर्ग एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ।



## वनांचल में जैविक खेती को बढ़ावा देने कार्यशाला 23 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

राष्ट्रीय किसान दिवस के उपलक्ष्य में 23 दिसंबर को जैविक खेती को बढ़ावा देने और किसानों को आधुनिक जैविक तकनीकों से जोड़ने के उद्देश्य से एक विशेष कार्यशाला आयोजित की जा रही है। यह कार्यक्रम देवपुर में आयोजित किया जाएगा, जिसमें कृषि विशेषज्ञ अपनी भागीदारी दर्ज करेंगे।

इस कार्यशाला का उद्देश्य किसानों को जैविक खेती के लाभों, प्रक्रियाओं और तकनीकी विधियों से अवगत कराना है, ताकि खेती अधिक टिकाऊ, लाभकारी और पर्यावरण के अनुकूल बन सके। कार्यशाला जैविक उत्पादों के उपयोग, निर्माण और प्रभाव का प्रत्यक्ष प्रदर्शन किया जाएगा। सहभागी किसानों को यह भी बताया जाएगा कि किस प्रकार जैविक पद्धतियों के माध्यम से मिट्टी की उर्वरता बढ़ाई जा सकती है, उत्पादन लागत कम की जा सकती है, तथा रासायनिक अवशेष रहित, सुरक्षित और उच्च गुणवत्ता वाली कृषि उपज प्राप्त की जा सकती है। कार्यक्रम में बलौदाबाजार वनमण्डल के अंतर्गत प्रत्येक वन परिक्षेत्र से 5–6 कृषकों एवं कृषि सखियों को आमंत्रित किया गया है, ताकि अधिक से अधिक किसान इन तकनीकों से लाभान्वित हो सकें तथा प्राप्त ज्ञान को अपने क्षेत्रों में साझा कर सकें। वनांचल क्षेत्र में जैव विविधता की समृद्धता को दृष्टिगत रखते हुए जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए यह पहल अत्यंत महत्वपूर्ण है। जैविक पद्धतियाँ मृदा स्वास्थ्य, प्राकृतिक संसाधन संरक्षण एवं खाद्य सुरक्षा को मजबूत करती हैं और इस क्षेत्र की पारिस्थितिक संवेदनशीलता के लिए अधिक अनुकूल हैं।

- किसान दिवस पर देवपुर में लगेगी कार्यशाला

## पीएम आवास के लिए पंचायत में लगी जन चैपाल



**गोपालपुर।** नवीन ग्राम पंचायत मुख्यालय गोपालपुर में जन चौपाल आयोजित की गई। इसमें मुख्य विषय प्रधानमंत्री आवास योजना के प्रगति की जानकारी हासिल करना था। उक्त कार्यक्रम में सब इंजीनियर शिव रंजन नवरंगे, रोजगार सहायक संतोष कुमार नेताम एवं आवास मित्र मुरारी साहू मौजूद थे। सब इंजीनियर ने सन 2024 -25 के आवास के सूची को उपस्थित लोगों को बताया, और उनको जल्दी से पूरा करने की बात कही गई और ये भी कहा जितना जल्दी आवास पूरा होगा, तो अगले हितग्राहियों की सूची जारी होगी। शासन के महत्वपूर्ण योजना जैसे डबरी निर्माण एवं पशु निर्माण व श्रमदान में अपने घर प्रत्येक हितग्राहियों को सोखता गड्ढा निर्माण करने के लिए कहा गया। तब डबरी निर्माण एवं पशु सेड निर्माण के रोजगार सहायक ने सूची तैयार की गई। उपस्थित पंचायत प्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने प्रत्येक आवास हितग्राही को आवास निर्माण एवं राशि दिलवाने हर संभव प्रयास करने की सलाह आवास मित्र मुरारी साहू को दी। हितग्राहियों ने मुरारीलाल साहू को बिना भेदभाव किए जियो टैग लेने के लिए कहा।

**कॉलेज में नवीकरणीय ऊर्जा विषय पर स्लोगन एवं चित्रकला प्रतियोगिता हुई**

# चित्रकला में तनिषा प्रथम और पल्लवी को मिला दूसरा स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार





दाऊ कल्याण महाविद्यालय बलौदाबाजार में नवीकरणीय ऊर्जा के महत्व को लेकर जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से स्लोगन लेखन एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण, जिला कार्यालय बलौदाबाजार एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में रजत जयंती नवाचार प्रतियोगिता के रूप में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण एवं सतत विकास को बढ़ावा देने के लिए किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ एआर सी जेम्स द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि नवीकरणीय ऊर्जा भविष्य की आवश्यकता है और युवाओं की भागीदारी से ही स्वच्छ एवं सुरक्षित पर्यावरण का सपना साकार हो सकता है। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, जल ऊर्जा तथा ऊर्जा संरक्षण जैसे विषयों पर आकर्षक स्लोगन और सृजनात्मक चित्र प्रस्तुत किए। स्लोगन प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने कम शब्दों में सशक्त संदेश देकर सभी को प्रभावित किया, वहीं चित्रकला प्रतियोगिता में रंगों के माध्यम से स्वच्छ ऊर्जा और हरित भविष्य का सुंदर चित्रण किया गया। निर्णायक मंडल द्वारा श्रेष्ठ प्रस्तुतियों का चयन किया गया तथा विजेता विद्यार्थियों को क्रेडा विभाग से आए अनिल कुमार बिंझवार उप अभियंता जिला प्रभारी एवं करण सोनी उप अभियंता क्रेडा बलौदाबाजार द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

चित्रकला में प्रथम तनिषा पटेल, द्वितीय पल्लवी रात्रे, तृतीय लीना साहू रही। स्लोगन में कीर्ति ध्रुव प्रथम, टीनेश्वरी वर्मा द्वितीय, दीपांशु ध्रुव के द्वारा तृतीय स्थान प्राप्त किया गया। कार्यक्रम के समापन पर आयोजन समिति से नरेंद्र देव मिर्झा रासेयो जिला संगठक ने सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए नवीकरणीय ऊर्जा के प्रति जागरूक रहने और अपने दैनिक जीवन में ऊर्जा संरक्षण अपनाने का संदेश दिया।

:: आम सूचना ::

वाके मौजा ग्राम इल्दा प.ह.न. 46 रा.नि.म. व तह. खरोरा जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमि जिसका खसरा क्रं. 15/1 का रकबा 0.485 हे. भूमि के संबंध में।

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार के द्वारा विक्रेतागण दुलेश गिलहरे पिता राजू राम गिलहरे वगैरह निवासी ग्राम इल्दा थाना व तह. खरोरा जिला रायपुर छ.ग. के अधिपत्य एवं स्वामित्व की भूमि ग्राम इल्दा प.ह.न. 46 रा.नि.म. व तह. खरोरा जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमि जिसका खसरा क्रं. 15/1 का रकबा 0.485 हेक्टेयर भूमि स्थित है जिसे क्रय करने का पक्का सौदा कर इकरारनामा निष्पादित कर ब्याना प्रदान कर दिया गया है एवं शेष राशि का भुगतान बैनामा निष्पादन दिनांक व समय को देय होगा। अतः उपरोक्त संव्यवहार से किसी भी व्यक्ति, संस्था, निकाय, बैंक, बीमा निगम, शासकीय एवं अर्द्धशासकीय कार्यालय एवं सेठ साहूकार को किसी भी प्रकार की कोई दावा आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर मेरे नीचे लिखे पता में मय दस्तावेज सहित उपस्थित होकर अपनी आपत्ति दर्ज करावे बाद म्याद की गयी आपत्ति/दावा ग्राहय नहीं होगा।

स्थान :- खरोरा
दिनांक-13/12/2025

श्रीमति आभा चन्द्राकर
अधिवक्ता/ नोटरी
पता :- वार्ड क्रं. 08 शिव मंदिर के पास खरोरा, जिला रायपुर (छ.ग.) मो.न. 9755230900

सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
20 दिसम्बर 2025
SHOW TIME
धुरंधर
शो समय - 12:00, 3:00, 6:00, 9:00 PM
दुर्लभ प्रसाद की दूसरी शादी
शो समय - 12:00 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

## खबर संक्षेप

### खपरी एस में भागवत कथा 22 से

**भाटापारा।** ग्राम खपरी (एस) में संगीतमय भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन 22 दिसम्बर को कलश यात्रा व कथा प्रारंभ की जाएगी। इसमें कथा वाचक पं. देवनारायण पाण्डेय होंगे। कथा 1 बजे से प्रारंभ होगा। 29 दिसम्बर को हवन तुलसी वर्षा पूर्णाहुती की जाएगी। आयोजन महिला समिति खपरी व समस्त ग्रामवासी खपरी रहेंगे।



### समाज सुधार के महान मार्गदर्शक थे गुरु घासीदास

**अर्जुनी।** बाबा गुरु घासीदास की जयंती पर रजककार विकास बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष लोकेश कनौजे ने प्रदेश की जनता को बधाई देते हुए कहा कि गुरु घासीदास बाबा केवल एक संत नहीं बल्कि समाज को नई दिशा देने वाले महान समाज सुधारक थे। जिनके विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं जितने उस समय थे। गुरु घासीदास बाबा ने अपने पूरे जीवन में सत्य अहिंसा समानता और मानवता का संदेश दिया। उन्होंने समाज में व्याप्त ऊंच नीच छुआछूत और अंधविश्वास के खिलाफ संघर्ष किया और लोगों को जागरूक किया। मनखे-मनखे एक समान का उनका अमर संदेश सामाजिक समरसता और भाईचारे



# कॉलेज के जनभागीदारी अध्यक्ष ने की प्राचार्य की शिकायत, कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

## कहा- विकास कार्यों और छात्रहित के फैसलों को लागू नहीं किया जा रहा

गजानंद अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्रबंधन और जनभागीदारी समिति के बीच विवाद गहरा गया है। महाविद्यालय जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष श्रेणीक गोलछा ने प्रभारी प्राचार्य डॉ. आनंद कुमार मिंज पर तानाशाही, छात्रहित के कार्यों में बाधा डालने और दुर्व्यवहार करने का गंभीर आरोप लगाया है। इस संबंध में उन्होंने वरिष्ठ भाजपा नेता शिवरतन शर्मा और उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा से मुलाकात कर प्राचार्य को हटाने की मांग की है।

अध्यक्ष श्रेणीक गोलछा ने बताया कि पिछले 6 महीनों से प्रभारी प्राचार्य द्वारा जानबूझकर उनके द्वारा सुझाए गए विकास कार्यों और छात्रहित के फैसलों को लागू नहीं किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्राचार्य कॉलेज की स्थिति सुधारने के बजाय उसे और खराब करने का काम कर रहे हैं।

गोलछा ने एक घटना का जिक्र करते हुए बताया कि 13 दिसंबर को निर्माणाधीन ऑडिटोरियम के वाशरूम की सफाई के लिए पानी की मांग की गई थी, जिसे प्राचार्य ने खारिज कर दिया।

पुराने कैंटीन परिसर में फैली गंदगी की सफाई जब स्टाफ कर रहा था, तब प्राचार्य ने मौके पर पहुंचकर काम रुकवा दिया और कमरे में जबरन ताला लगवा दिया। जब इस विषय पर फोन पर चर्चा की गई, तो प्राचार्य ने जनप्रतिनिधि के साथ अभद्र और अशोभनीय व्यवहार किया।

### नेताओं ने दिया आश्वासन

उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा और वरिष्ठ नेता शिवरतन शर्मा ने पूरे मामले को गंभीरता से सुना और वस्तुस्थिति से अवगत होने के बाद उचित कार्यवाही और पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया है। इस अवसर पर भाजपा युवा मोर्चा शहर अध्यक्ष आशीष टोडर, पार्षद नंदकिशोर वैष्णव, सांसद प्रतिनिधि (जनभागीदारी समिति) अभिषेक मिश्रा, पीताम्बर साहू, सुरेन्द्र डागोर और पीयूष साहू सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।



### कर्तव्य में लापरवाही की शिकायत

शिकायत में यह भी कहा गया है कि प्राचार्य महीने में मुश्किल से 15-20 दिन ही कॉलेज आते हैं और शेष दिन अनुपस्थित रहते हैं। गोलछा ने वरिष्ठ नेताओं से आग्रह किया है कि डॉ. आनंद कुमार मिंज पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाए और उनके स्थान पर किसी पूर्णकालिक प्राचार्य की नियुक्ति की जाए, ताकि कॉलेज का संचालन सुचारू रूप से हो सके।

## शहर के दशहरा मैदान में सात दिवसीय श्रीराम कथा का शुभारंभ

# भक्ति ही वह शक्ति है जो मनुष्य को अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाती है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

स्व. सोनचंद्र वर्मा फाउंडेशन के तत्वावधान में शहर के दशहरा मैदान में आयोजित सात दिवसीय श्रीराम कथा का शुभारंभ श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास के वातावरण में हुआ। प्रथम दिवस की कथा में मानस विदुषी देवी श्री चंद्रकला ने श्रीरामचरितमानस की महिमा का भावपूर्ण वर्णन करते हुए गोस्वामी तुलसीदास के जीवन से जुड़ी पावन स्मृतियों को श्रोताओं के समक्ष जीवंत कर दिया। कथा के दौरान संपूर्ण पंडाल 'सिया-राम' के जयघोष से गुंजायमान हो उठा और भक्तिमय वातावरण ने दशहरा मैदान को मानो अयोध्या धाम में परिवर्तित कर दिया।







मानस विदुषी चंद्रकला ने कहा कि रामचरितमानस केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि मानव जीवन को दिशा देने वाला आदर्श ग्रंथ है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिस प्रकार गोस्वामी तुलसीदासजी ने जीवन में अनेक विपरीत परिस्थितियों, अपमान और संघर्षों के बावजूद प्रभु श्रीराम का दामन नहीं छोड़ा, उसी प्रकार प्रत्येक मनुष्य को भी कठिन समय में भक्ति और धर्म के मार्ग पर अडिग रहना चाहिए। भक्ति ही वह शक्ति है जो मनुष्य को अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाती है।

कथा के मर्म को सरल शब्दों में समझाते हुए दीदी ने कहा कि रामचरितमानस एक ऐसा दर्पण है, जिसमें व्यक्ति अपने आचरण, विचार और चरित्र का आत्ममंथन कर सकता है। उन्होंने तुलसीदासजी के जीवन के उस महत्वपूर्ण प्रसंग का विशेष उल्लेख किया, जब पत्नी द्वारा दिए गए एक उपदेश ने उनके जीवन की दिशा ही बदल दी। सांसारिक मोह से मुक्त होकर उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन प्रभु श्रीराम की भक्ति और रामकथा के प्रचार-प्रसार में समर्पित कर दिया। कथावाचिका ने कहा कि यह प्रसंग आज के समाज के लिए भी एक बड़ी सीख है।

कलियुग के संदर्भ में बोलते हुए मानस विदुषी ने कहा कि इस युग में नाम-स्मरण और नाम-संकीर्तन ही मोक्ष का सबसे सरल और सुलभ मार्ग है। प्रभु श्रीराम के नाम में इतनी शक्ति है कि वह मनुष्य के समस्त पापों का नाश कर उसे सद्मार्ग पर ले जाता है। उन्होंने श्रोताओं से आग्रह किया कि वे अपने जीवन में राम नाम को अपनाकर समाज और परिवार में सद्भाव, शांति और संस्कारों की स्थापना करें।

कथा के दौरान प्रस्तुत किए गए सुमधुर भजनों ने श्रोताओं को भाव-विभोर कर दिया। भजनों की मधुर धुनों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए और संपूर्ण पंडाल भक्तिरस में डूब गया। दीदी चंद्रकला जी ने श्रद्धालुओं की भक्ति भावना की सराहना करते हुए कहा कि यहां का दृश्य अयोध्या धाम की अनुभूति करा रहा है।

स्व. सोनचंद्र वर्मा फाउंडेशन द्वारा की गई भव्य व्यवस्थाओं की भी सभी ने सराहना की। आयोजन समिति ने बताया कि इस सप्त दिवसीय श्रीराम कथा का मुख्य उद्देश्य समाज में नैतिक मूल्यों, संस्कारों और आध्यात्मिक चेतना की पुनर्स्थापना करना है। प्रथम दिवस की आरती में क्षेत्र के प्रबुद्ध नागरिक, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता तथा हजारों की संख्या में माताएं-बहनें और श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर सभी भक्तों को प्रसाद का वितरण किया गया। यह पावन आयोजन आगामी सात दिनों तक अनवरत रूप से चलेगा, जिसमें प्रतिदिन प्रभु श्रीराम के जीवन से जुड़े विभिन्न प्रसंगों जैसे बाल लीला, राम जन्म, धनुष यज्ञ, वन गमन और मर्यादा पुरुषोत्तम राम के आदर्शों की विस्तृत व्याख्या की जाएगी। फाउंडेशन ने समस्त धर्मप्रेमी जनता से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस ज्ञान गंगा में डुबकी लगाएं और अपने जीवन को राममय बनाएं।

## खपराडीह में प्रत्येक गुरुवार को लगेगा साप्ताहिक बाजार पहला दिन रहा सफल

**सुहेला।** ग्राम पंचायत खपराडीह की पहल पर गुरुवार से साप्ताहिक बाजार का शुभारंभ किया गया। यह बाजार ग्राम खपराडीह सहित आसपास के ग्रामीणों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सरपंच गजेंद्र वर्मा के सार्थक प्रयासों से प्रारंभ हुआ। 18 दिसंबर गुरुवार को रावण चौरा चौक में ग्राम के प्रमुखों की उपस्थिति में सहाड़ा देव, राधा-कृष्ण एवं शनि देव की विधिवत पूजा-अर्चना के बाद बाजार की शुरुआत की गई।



ग्राम पंचायत द्वारा निर्णय लिया गया है कि जब तक यह साप्ताहिक बाजार पूर्ण रूप से सफल नहीं हो जाता, तब तक सब्जी विक्रेताओं से कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। इससे छोटे व्यापारियों और किसानों को सीधा लाभ मिलेगा तथा ग्रामीणों को भी उचित दामों पर ताजी सब्जियां उपलब्ध होंगी।

शुभारंभ अवसर पर पंच प्रदीप निर्मलकर, हेमंत नायक, बलराम वर्मा, द्रौपती यदु, ग्राम पटेल रामकुमार बघमार, सत्तादार गण भोजराम वर्मा, शोभित वर्मा, पूर्व उपसरपंच मनहरण यदु, खुमान वर्मा सहित ग्रामीण भूषण बघमार, कमल नारायण बघमार, कुंवर सिंह यदु, शत्रुहन बघमार, सुरेंद्र बघमार, रवि बंजारे, रविंद्र वर्मा एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। पहले ही दिन बाजार में अच्छी भीड़ देखने को मिली और लेनदेन उत्साहजनक रहा, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि साप्ताहिक बाजार ग्रामीणों की आवश्यकता को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# एक राष्ट्र, एक चुनाव विषय पर संगोष्ठी में शामिल हुए शिवरतन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

दाऊ कल्याण सिंह कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र भाटापारा में एक राष्ट्र, एक चुनाव विषय पर आयोजित संगोष्ठी में वरिष्ठ भाजपा नेता छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा एवं जिलाध्यक्ष भाजपा आनंद यादव ने अपने विचार रखे।

शिवरतन शर्मा ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एक राष्ट्र, एक चुनाव केवल प्रशासनिक सुधार नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था को और सशक्त, स्थिर और परिणाममुखी बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। इससे चुनावी प्रक्रिया सरल होगी, संसाधनों की बचत होगी और विकास की रफ्तार बढ़ेगी।

कार्यक्रम को जिलाध्यक्ष आनंद यादव ने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सोच से प्रेरित एक देश-एक चुनाव केवल एक चुनावी सुधार नहीं, बल्कि यह भारत के लोकतंत्र को सशक्त और सुव्यवस्थित बनाने वाला एक क्रांतिकारी कदम है। यह देश के आर्थिक, प्रशासनिक और विकासात्मक लक्ष्यों को गति देने की दृष्टि से भी अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य अंगद सिंह ठाकुर, श्रेणीक गोलछा, आशीष टोडर सहित युवा वर्ग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



# सावित्रीबाई फुले महिला समूह बना स्वच्छता की मिसाल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़

- हर रविवार मोहल्ले व बाजार चौक की नियमित साफ-सफाई के तीन वर्ष पूरे

विकास खण्ड के ग्राम छुईहा रानीगढ़ में स्थित सावित्रीबाई फुले महिला समूह ने स्वच्छता को जनआंदोलन का रूप देते हुए एक प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया है। यह समूह पिछले तीन वर्षों से प्रत्येक रविवार को अपने मुहल्ले सहित रानीगढ़ बाजार चौक की नियमित साफ-सफाई कर रहा है।महिला समूह की इस पहल से क्षेत्र में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ी है तथा आम नागरिक भी साफ-सफाई के महत्व को समझने लगे हैं। बिना किसी सरकारी सहयोग के, स्वयं के श्रम और संकल्प से महिलाएं गंदगी हटाने, कचरा एकत्र करने एवं लोगों को स्वच्छ रहने का संदेश देती हैं।

सावित्रीबाई फुले महिला समूह की अध्यक्ष रुसबाई जांगड़े ने बताया कि स्वच्छ वातावरण से ही स्वस्थ समाज का निर्माण संभव है। वहीं सचिव रुबीना टण्डन ने कहा कि महिलाओं की सामूहिक भागीदारी से गांव को स्वच्छ और सुंदर बनाया जा सकता है। इस स्वच्छता अभियान में सरिता टण्डन, ललिता टण्डन, रवीना टण्डन, रजनी टण्डन, मीना टण्डन, रमाबाई महिलांगे, श्रद्धा बंजारे, रामेश्वर टण्डन सहित अन्य महिलाएं निरंतर सक्रिय भूमिका निभा रही हैं।

## खान सुरक्षा पखवाड़ा का हुआ आयोजन

# बारूद के रखरखाव और सदुपयोगिता पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

अम्बुजा सीमेंट्स लिमिटेड यूनिट भाटापारा के रवान एवं मल्दी मोपर लाइमस्टोन माइंस में खान सुरक्षा महानिदेशालय, बिलासपुर एवं रायगढ़ रीजन के तत्वावधान में वार्षिक खान सुरक्षा पखवाड़ा समारोह आयोजित किया गया। इस वर्ष कार्यक्रम का विषय बारूद का रखरखाव तथा सदुपयोगिता रखा गया, जिसका उद्देश्य खदानों में सुरक्षा के मानकों को मजबूत करना, कर्मचारियों को प्रशिक्षित करना और शून्य दुर्घटना के लक्ष्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।




सुरक्षा पखवाड़ा के दौरान डीजीएमएस द्वारा नामित निरीक्षण दल ने रवान और मल्दी मोपर लाइमस्टोन माइंस के विभिन्न क्षेत्रों का विस्तृत अवलोकन किया। टीम ने सुरक्षा से जुड़े सभी मापदंडों पर खदान संचालन की व्यवस्थित तैयारी की सराहना की और अम्बुजा सीमेंट्स द्वारा लागू की गई सुरक्षा संस्कृति तथा सर्वोत्तम प्रणालियों पर संतोष व्यक्त किया।

इस अवसर पर कार्यक्रम में कई गणमान्य व्यक्तियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, जिनमें श्री शांति रंजन टिर्की चीफ प्लांट मैनेजर, तपन कुमार बोस माइंस मैनेजर, रवान लाइमस्टोन माइंस, मुकेश चाँद माइंस मैनेजर मल्दी मोपर लाइमस्टोन माइंस सहित प्लांट के विभिन्न विभागों के प्रमुख, अम्बुजा विद्यापीठ के शिक्षक, माइंस के सभी कर्मचारी और लेडीज़ क्लब की सदस्याएं शामिल रहीं। सभी ने इस तीन दिवसीय आयोजन में सक्रिय रूप से भाग लिया। सुरक्षा पखवाड़े को और प्रभावी बनाने के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। अम्बुजा विद्यापीठ के बच्चों ने अतिथियों के स्वागत में मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर सभी का दिल जीत लिया। वहीं माइंस के कर्मचारियों द्वारा सुरक्षा थीम पर आधारित नाटक प्रस्तुत किया गया।

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 969. ईशांत मानिकपुरी पिता\पति कीर्तन मानिकपुरी पता- आर.डी.ए. कॉलोनी रायपुरा, 970. लविश राठौर पिता\पति सतेन्द्र राठौर पता- गली न. 2 A अक्षत विहार, 971. वंदना तेकाम पिता\पति प्रदीप कुमार पता- गंगा नगर पंडरी रायपुर, 972. हुमन विश्वकर्मा पिता\पति कृपा राम विश्वकर्मा पता- दोंदेकला रायपुर, 973. जिया श्री साहु पिता\पति तिजेंद्र कुमार साहु पता- अयोध्या नगर न्यू चंगोरा भाटा, 974. उदय वीर सिंह पिता\पति शिव शंकर सिंग पता- वार्ड न.- 43 पुरानी बस्ती रायपुर, 975. नोहर लाल साहू पिता\पति मेघनाथ साहू पता- काशी राम नगर रायपुर, 976. अंश कुमार निषाद पिता\पति दीपक निषाद पता- कुम्हार पारा फाफाडीह, 977. दुलारी तांडी पिता\पति जय लाल ठाकुर पता- B.S.U.P कॉलोनी ब्लाक न.- 24, 978. चित्रेखा पिता\पति जे.आर साहु पता- H-26 पुलिस लाइन रायपुर, 979. प्रशांत यदु पिता\पति घनश्याम यदु पता- नयापारा भैर, 980. डामेश्वर नगारची पिता\पति पुरुषोत्तम नगारची पता- दरबा, 981. शुभम पाण्डेय पिता\पति देवेन्द्र पाण्डेय पता- महिमा सागर वार्ड धमतरी, 982. निर्मला बाफना पिता\पति टीकम चंद बाफना पता-दीनदयाल कॉलोनी कौरीन भाठा राजनादगांव, 983. कीर्तन लाल साहू पिता\पति श्री रमेश कुमार साहू पता-बेलटिकरी राजनादगांव, 984. गजेन्द्र सिंह भारतद्वाज पिता\पति श्री सी. एस. भारतद्वाज पता-विजय वार्ड न. -2 जगदलपुर, 985. भुनेश्वरी मानिकपुरी पिता\पति पूरण दास मानिकपुरी पता-महासमुंद, 986. हर्षिता वर्मा पिता\पति दुर्गेश कुमार वर्मा पता-शिवानन्द कॉलोनी महासमुंद, 987. शौर्य नेताम पिता\पति श्री तोरण राम नेताम पता-प्रोफेसर कॉलोनी कवर्धा, 988. वंदना साहू पिता\पति विष्णु राम साहू पता-भैंसा, 989. हेमंत कुमार वर्मा पिता\पति राजेश कुमार वर्मा पता-आर.के.जी. स्कूल के पास, 990. राजदीप साहु पिता\पति गोपी राम साहु पता-बलोदा बाज़ार, 991. स्वरा वैष्णव पिता\पति सिद्धार्थ वैष्णव पता-सरगीपाल कोंडागांव, 992. समृद्धि यादव पिता\पति मनीष कुमार यादव पता-डी.एन. के. कोंडागांव, 993. भव्य ठौक पिता\पति संदीप ठौक पता-सेक्ट.-01 भिलाई, 994. गरिमा पटेल पिता\पति श्री देवेन्द्र कुमार पटेल पता-दुर्ग, 995. कौशल राज सोनी पिता\पति हरीश कुमार सोनी पता-दुर्ग, 996. रमनदीप कौर भाटिया पिता\पति करनल सिंग भाटिया पता-संतरा बाड़ी दुर्ग, 997. अश्वनी कुमार पाण्डेय पिता\पति स्व. चंदू लाल पाण्डेय पता-म.न. -255 वार्ड -6 ठेठवार पारा दुर्ग, 998. तुषार वर्मा पिता\पति दिलीप कुमार वर्मा पता-हथखोज भिलाई, 999. श्री पुरुषोत्तम लाल साहू पिता\पति श्री जोखू राम साहू पता-शीतला पारा हथखोज वार्ड न. -2 भील -3 चरोदा, 1000. मुकेश गोयल पिता\पति स्व. श्री मन्ना राम गोयल पता-कापला मार्केट के पास खुर्सीपार, 1001.यशवंत कुमार साहू पिता\पति स्व. श्री मदन लाल साहू पता-हरिनगर कातुल बोर्ड दुर्ग, 1002. रोशन कुमार बघमार पिता\पति मन्नू लाल बघमार पता-ढीमर पारा हनुमान टेम्पल दुर्ग, **बिलासपुर संस्करण –** 1003. अजय कुमार पासवान पिता/पति - स्व. इंद्रदेव पासवान पता - बनारस रोड गांधी नगर 1004. अर्चना चौबे पिता/पति - सच्चि दानंद पांडे पता- शंकरघाट अम्बिकापुर 1005. अलंकार नायक पिता/पति - श्री ओंकार नाथ नायक पता - विश्रामपुर 1006. श्रीमती पविता यादव पिता/पति - श्री मनबोध राम यादव पता- हरीदेवेंद्र कालोनी बी- 32 अम्बिकापुर 1007. बिन्दु पिता/पति - संबोधीत सरजुन पता- हरीदेवेंद्र कालोनी एन - 20 महादेव पारा अम्बिकापुर 1008. विनीति श्रीवास्तव पिता/पति - विवेक श्रीवास्तव पता- अम्बिकापुर 1009. डॉ . पंकज त्रिपाठी पिता/पति- स्व. आर.के.त्रिपाठी पता - सत्ती पारा अम्बिकापुर 1010. श्री जल यादव पिता/पति - सतीश यादव पता- बड़सार भैयाथान 1011. आसिम अहमद पिता/ पति - जहरुद्दीन आजाद पता - मोमीनपुरा अम्बिकापुर 1012. आमिष यादव पिता/पति- श्री राम गेवरा यादव पता- अम्बिकापुर सरगुजा 1013. कु. सुदीक्षा मिश्रा पिता/पति -प्रवीण कुमार मिश्रा पता - मिशन चौक अम्बिकापुर 1014. गुलशन गोयल पिता/पति- श्री शिव कुमार गोयल पता- मायापुर पीपल मार्ग अबिकापुर 1015. दिनेश कुमार पिता/पति - शिव प्रसाद पता - नमनकला गंगापुर 1016. निग राज प्रसाद लवनेश पिता/पति - श्री राम सुजान पता - गंगापुर खुर्द अबिकापुर 1017. मीता पिता/पति - महावीर राजवाड़े पता- मंहगाई सूरजपुर 1018. रवि भूषण दुबे पिता/पति - अरुण कुमार दुबे पता - होउसिंग बोर्ड कालोनी नमनकला 1019. मकसूद अहमद पिता/पति - मंजूर अहमद पता - बरेजपारा अम्बिकापुर 1020. दोमोनिक टोप्पो पिता/पति - मारकठा टोप्पो पता - बलरामपुर 1021. मानसी सिन्हा पिता/ पति- सचिन्द्र सिन्हा पता- गांधी नगर अम्बिकापुर 1022. सौरभ तिवारी पिता/पति - जितेंद्र तिवारी पता - बलरामपुर 1023. साक्षी केशरी पिता/पति - विजय कुमार गुप्ता पता - बसंत मार्ग इमलीपारा 1024. समृद्दि त्रिपाठी पिता/पति - आनंद प्रकाश त्रिपाठी पता - ब्रह्म रोड अम्बिकापुर 1025. कल्पनाथ भगत पिता/पति - स्व . रुपचन्द भगत पता- गांधी नगर सोनी मोहला ,**भोपाल संस्करण –** 1026. हर्षित सिंह राजपूत पिता\पति - बादल सिंह राजपूतभोपाल, 1027. रीना राजपूत पिता\पति - रनवीर गौरकरोदभोपाल, 1028. राम सिंह पिता\पति - देवी अफजल खान जिंसी,1029. सुखदेव पाटील पिता\पति- स्व नत्थू पाटीलन्यू बाग मुगलियाभोपाल, 1030. आनंद सिंह चावड़ा पिता\पति - मोहन सिंह भोपाल, 1031. साफिया पिता\पति - मो. शोयेब नियर वॉटर टैंकनवीन रं ्भा नगरनिशातपुरा, 1032. भारती चौधरी पिता\पति - 53 नई जेल रोडरतन कॉलोनी करोद, 1033. मुश्ताक मो. खान पिता\पति - आॅफाक मो. खानश्रद्धा कॉलोनीनारियल खेड़ा, **जबलपुर संस्करण –** 1034. दीपक दुबे पिता\पति - श्री राजेंद्र दुबे कटनी, 1035. श्रीमती सरोज गुप्ता पिता\पति - कैलाश चंद गुप्ता जबलपुर, 1036. वैदेही तिवारी पिता\पति - मनीष तिवारी जबलपुर, 1037. पूनम शर्मा पिता\पति - श्री प्रणय कुमार शर्मा चेतना नगर अनूपपुर, 1038. देवांश कोटवानी पिता\पति - श्री अनिल कोटवानी अनूपपुर, 1039. प्रणय कुमार शर्मा पिता\पति - श्री गोविंद प्रसाद शर्मा चेतना नगर अनूपपुर, 1040. विमलेंद्र कुमार शर्मा पिता\पति - स्वः वसंत राम शर्मा वार्ड क्रमांक 14 पुरानी बस्ती अनूपपुर, 1041. जितेंद्र नंदवानी पिता\पति - राजल दास नंदवानी बाबा नारायण शाह वार्ड माधव नगर कटनी।

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि